**फा.सं. 12011/01/2020-प्रशा. (बाह्य-संवर्ग)**

**भारत सरकार**

**वित्त मंत्रालय**

**आर्थिक कार्य विभाग**

**(प्रशासन प्रभाग)**

****

कमरा सं. 230, नॉर्थ ब्लॉक,
नई दिल्ली-110001
दिनांक 1 सितम्बर, 2023

<u>परिपत्र</u>

**विषय: आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय में कनिष्ठ लेखा अधिकारी (सामान्य केंद्रीय सेवा, गैर-मंत्रालय, अराजपत्रित, समूह "ख") की पांच (05) रिक्तियों को पे मैट्रिक्स के स्तर-8 (47600 रुपये -151100 रुपये) में प्रतिनियुक्ति आधार भरे जाने हेतु।**

आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय में कनिष्ठ लेखा अधिकारी की पांच (05) रिक्तियों को भरने के लिए पात्र व्यक्तियों से **अनुबंध II** के अनुसार निर्धारित प्रोफार्मा में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पद के संबंध में ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

2. आवेदकों के नियंत्रण कार्यालयों से अनुरोध है कि इस पद के लिए विचार किए जाने के इच्छुक ऐसे पात्र उम्मीदवार जिन्हें चयन के उपरांत तुरंत कार्यमुक्त किया जा सकता है, के पिछले 5 वर्षों के एसीआर/एपीएआर डोजियर की सत्यापित फोटोकॉपी, सतर्कता अनापत्ति और सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र के साथ रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों की अवधि के भीतर अधोहस्ताक्षरी को अग्रेषित किए जाएं। आवेदकों को बाद की तारीख में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं होगी। अद्यतन गोपनीय रिपोर्ट डोजियर, सतर्कता अनापत्ति और सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र के बिना प्राप्त आवेदनों <u>पर विचार नहीं किया जाएगा।</u>

संतोष कुमार 01.9.23
(संतोष कुमार)
**अवर सचिव, भारत सरकार**
**फोन नंबर 23095770**

<u>**प्रतिलिपि प्रेषित:**</u>

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग।
2. सहायक संपादक (विज्ञापन), रोजगार समाचार, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, 7वीं मंजिल, सूचना भवन , सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्त रिक्ति परिपत्र को रोजगार समाचार के आगामी अंक में प्रकाशित कर दें।
3. सीएए एवं ए का कार्यालय, जनपथ भवन , नई दिल्ली।
4. निदेशक (एनआईसी) को इस अनुरोध के साथ कि वे इस रिक्ति परिपत्र को आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करवा दें।

5. एनआईसी, डीओपीटी को इस अनुरोध के साथ कि वे इस रिक्ति परिपत्र को डीओपीटी की वेबसाइट पर अपलोड करवा दें ।

6. अतिरिक्त प्रतियां-15

**अनुबंध-I**

| | | |
|---|---|---|
| 1. पद का नाम | : | **कनिष्ठ लेखा अधिकारी** |
| 2. रिक्ति की संख्या | : | **पांच (05)** |
| 3. वर्गीकरण | : | सामान्य केंद्रीय सेवा, गैर-मंत्रालय, अराजपत्रित, समूह-'ख' |
| 4. मंत्रालय/विभाग | : | वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग |
| 5. वेतनमान | : | वेतन मैट्रिक्स में स्तर-8 (रु. 47600- 151100) |
| 6. भर्ती की पद्धति | : | प्रतिनियुक्ति |
| 7. पात्रता शर्तें | : | |

**प्रतिनियुक्तिः**

केंद्र सरकार के वे अधिकारी

(क) (i) जिन्होंने मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किया हो; **अथवा**

(ii) जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स के स्तर-7 में अथवा मूल संवर्ग या विभाग में समतुल्य पद पर नियमित आधार पर दो वर्षों की सेवा की हो; **अथवा**

(iii) जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स के स्तर-6 में अथवा मूल संवर्ग या विभाग में समतुल्य पद पर नियमित आधार पर छह वर्षों की सेवा की हो; और

(ख) (i) जिन्होंने सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान से रोकड़ एवं लेखा का प्रशिक्षण या समकक्ष प्रशिक्षण लिया हो और रोकड़ लेखा और बजट कार्य संभालने का चार वर्ष का अनुभव हो; **अथवा**

(ii) केंद्र सरकार के किसी भी संगठित लेखा विभाग द्वारा आयोजित अधीनस्थ लेखा सेवा या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

संतोष कुमार
01.09.23

(प्रतिनियुक्ति की अवधि, इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित केंद्र सरकार के इसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में बाह्य-संवर्ग पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित सामान्यत: तीन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति की अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी)।

संतोष कुमार
01.09.23

अनुबंध II

## जीवन-वृत्त

पासपोर्ट साइज फोटो चिपकाएं

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदित पद | |
| 2. | नाम और पता<br>(बड़े अक्षरों में) | |
| 3. | दूरभाष नं. और ईमेल पता | |
| 4. | i) सेवा में प्रवेश की तिथि | |
| 5. | ii) केंद्र/राज्य सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि | |
| 6. | शैक्षणिक अर्हताएं | |
| 7. | क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक और अन्य अर्हताएं पूरी हैं। (यदि किसी योग्यता को नियमों में निर्धारित योग्यता के समकक्ष माना गया है, तो उसके लिए प्राधिकरण का उल्लेख करें) | |
| | अपेक्षित अर्हता/अनुभव जैसा कि विज्ञापन/रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित है | अधिकारी के पास योग्यता/अनुभव |
| **अनिवार्य** | | **अनिवार्य** |
| | क) अर्हता | क) अर्हता |
| | ख) अनुभव | ख) अनुभव |
| **वांछनीय** | | **वांछनीय** |
| | क) अर्हता | क) अर्हता |
| | ख) अनुभव | ख) अनुभव |
| 7.1 | डिग्री और स्नातकोत्तर अर्हताओं के मामले में उम्मीदवार द्वारा वैकल्पिक/मुख्य विषयों और विषयों और सहायक विषयों को निर्दिष्ट करें। | |
| 8. | कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि क्या आपके द्वारा ऊपर की गई प्रविष्टियों के आलोक में, आप पद के लिए अपेक्षित अनिवार्य अर्हताओं और कार्य अनुभव को पूरा करते हैं। | |
| 9. | रोजगार का ब्यौरा, कालानुक्रमिक क्रम में। **यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है, तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत रूप से प्रमाणित एक अलग पत्रक संलग्न करें।** | |

संतोष कुमार
01.9.23

| कार्यालय/संस्था | नियमित आधार पर धारित पद | से | तक | * नियमित आधार पर धारित पद के पे मैट्रिक्स में ग्रेड पे//स्तर के साथ वेतनमान/वेतन बैंड | आवेदित पद के लिए अपेक्षित अनुभव को दर्शातें हुए, कार्यो की प्रकृति (विस्तार से) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

• **महत्वपूर्ण:** एसीपी/एमएसीपी के तहत प्रदत्त वेतन मैट्रिक्स में ग्रेड पे और लेवल के साथ पे बैंड अधिकारी के लिए व्यक्तिगत है और इसलिए, इसका उल्लेख नहीं किया जाए। केवल नियमित आधार पर धारित पद के पे बैंड और ग्रेड पे/वेतनमान का उल्लेख किया जाए। वर्तमान वेतन बैंड और ग्रेड पे के साथ एसीपी/एमएसीपी का ब्यौरा जहां उम्मीदवार द्वारा इस तरह के लाभ प्राप्त किए गए हैं, नीचे दर्शाया जाए;

| कार्यालय/संस्था | एसीपी/एमएसीपी योजना के तहत आहरित पे मैट्रिक्स में ग्रेड पे और स्तर के साथ पे, पे बैंड | से | तक |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 10. | वर्तमान रोजगार की प्रकृति अर्थात्, तदर्थ या अस्थायी या अर्ध-स्थायी या स्थायी | |
| 11. | यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति/संविदा के आधार पर है, तो कृपया बताएं- | |

| क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख | ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि | ग) मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आवेदक संबंधित है। | घ) मूल संगठन में मूल रूप में धारित पद का नाम और पद का वेतन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | |
|---|---|---|
| **11.1** | **टिप्पणी:** पहले से ही प्रतिनियुक्ति पर अधिकारियों के मामले में, ऐसे अधिकारियों के आवेदन मूल संवर्ग/विभाग द्वारा संवर्ग अनापत्ति, सतर्कता अनापत्ति और सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र के साथ अग्रेषित किए जाएं। | |

संतोष कुमार
01.9.23

| | | |
|---|---|---|
| 11.2 | **टिप्पणी:** उपरोक्त कॉलम 9 (ग) और (घ) के तहत सूचना उन सभी मामलों में दी जाए, जहां कोई व्यक्ति संवर्ग/संगठन के बाहर प्रतिनियुक्ति पर कोई पद धारण कर रहा है लेकिन अभी भी अपने मूल संवर्ग/संगठन में धारणाधिकार रखे हुए है। | |
| 12. | यदि आवेदक द्वारा पूर्व में प्रतिनियुक्ति पर धारित कोई पद, अंतिम प्रतिनियुक्ति से वापसी की तिथि और अन्य ब्यौरा। | |
| 13. | **वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त ब्यौरा:**<br>कृपया बताएं कि क्या आप निम्नलिखित तहत कार्यरत हैं (संबंधित कॉलम के सामने अपने नियोक्ता का नाम बताएं)<br>क) केंद्र सरकार<br>ख) राज्य सरकार<br>ग) स्वायत्त संगठन<br>घ) सरकारी उपक्रम<br>ड.) विश्वविद्यालय<br>च) अन्य | |
| 14. | कृपया बताएं कि क्या आप एक ही विभाग में कार्यरत हैं और फीडर ग्रेड या फीडर के फीडर ग्रेड में हैं। | |
| 15. | क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हाँ, तो वह तिथि दें जिससे संशोधन हुआ और पूर्व-संशोधित वेतनमान का भी उल्लेख करें। | |
| 16. | इस समय आहरित प्रति माह कुल परिलब्धियां | |

| मूल वेतन और वेतन मैट्रिक्स का स्तर | कुल परिलब्धियां |
|---|---|
| | |

| | |
|---|---|
| 17. | यदि आवेदक किसी ऐसे संगठन से संबंधित है जो केंद्र सरकार के वेतनमान का अनुपालन नहीं कर रहा है, तो निम्नलिखित ब्यौरा दर्शाते हुए संगठन द्वारा जारी नवीनतम वेतन पर्ची संलग्न करें। |

संतोष कुमार
01.09.23

| वेतनमान और वेतन वृद्धि की दर के साथ मूल वेतन | महंगाई वेतन/अंतरिम राहत/अन्य भत्ते आदि, (ब्यौरावार विवरण के साथ) | कुल परिलब्धियां |
|---|---|---|
| | | |

| | | |
|---|---|---|
| 18. | पद के लिए आपकी उपयुक्तता के समर्थन में आपके द्वारा आवेदन किए गए पद से संबंधित अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो।<br>इन सूचनाओं के अलावा (i) अतिरिक्त शैक्षणिक अर्हताएं (ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण और (iii) रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित कार्य अनुभव के संबंध में जानकारी प्रदान करें)<br>**(टिप्पणी: यदि स्थान अपर्याप्त हो, तो एक अलग पत्रक संलग्न करें)** | |
| 19. | कृपया बताएं कि क्या आप प्रतिनियुक्ति/आमेलन के आधार पर आवेदन कर रहे हैं। | |
| 20. | क्या आप एससी/एसटी से संबंधित हैं। | |

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यान से देखा है और मुझे अच्छी तरह से पता है कि मेरे द्वारा प्रस्तुत अनिवार्य अर्हता/कार्य अनुभव के संबंध में दस्तावेजों द्वारा विधिवत रूप से समर्थित जीवन-वृत्त में दी गई जानकारी का भी चयन समिति द्वारा पद के लिए चयन के समय मूल्यांकन किया जाएगा। मेरे द्वारा प्रदान की गई जानकारी/ब्यौरा मेरी जानकारी के अनुसार सही और सत्य है और मेरे चयन पर असर डालने वाले किसी भी तथ्य को छुपाया/विधारित नहीं किया गया है।

**(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)**

पता____________________

____________________

दिनांक________________

**नियोक्ता / संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा प्रमाणन**

आवेदक द्वारा उपरोक्त आवेदन में दी गई सूचना/ब्यौरा अभिलेखों में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सत्य एवं सही है। उसके पास रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव हैं। चयन होने पर, इन्हें तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

2. **यह भी प्रमाणित किया जाता है कि;**

i ) श्री/श्रीमती____________________के विरुद्ध कोई सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित/विचारित नहीं है।

संतोष कुमार
01.09.23

ii) इनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है।

iii) इनकी मूल सीआर डोजियर संलग्न है/भारत सरकार के अवर सचिव या उससे ऊपर के रैंक के अधिकारी द्वारा विधिवत् रूप से प्रमाणित पिछले 5 वर्षों के एसीआर की प्रतियां संलग्न हैं।

iv) पिछले 10 वर्षों के दौरान इन पर कोई बड़ा/छोटा शास्ति नहीं लगाया गया है **या** पिछले 10 वर्षों के दौरान इन पर लगाए गए बड़े/छोटे शास्ति की सूची संलग्न है। (जैसा भी मामला हो)

**प्रतिहस्ताक्षरित**

**(नियोजक/संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी की मुहर सहित)**

संतोष कुमार
01.09.23